प्रसारण तिथि : 17.04.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संवैधानिक संशोधन से संबंधित तीन विधेयकों पर लोकसभा में चर्चा जारी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– भारत की नारी शक्ति सशक्त भारत की पहचान।
2. महिला आरक्षण अधिनियम–2023 लागू : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– जनगणना और परिसीमन के बाद सुनिश्चित किया जायेगा महिलाओं के लिये आरक्षण।
3. इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर दोहरी नागरिकता मामले में एफआईआर दर्ज करने का दिया आदेश : प्रदेश सरकार को मामले की जांच कराने की सौंपी ज़िम्मेदारी। और
4. कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने लखनऊ में दुग्ध स्वर्ण महोत्सव–2026 का किया शुभारंभ : कहा– ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने में डेयरी क्षेत्र का अहम योगदान।

———————————

लोकसभा में (एक सौ इकतीसवां सविधान संशोधन) विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक 2026 पर चर्चा जारी है। इन तीनों विधेयकों का उद्देश्य लोकसभा और राज्यों तथा

केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है। तीनों विधेयकों पर आज मतदान होना है। मतदान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में सभी सांसदों से अधिनियम के पक्ष में मतदान का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश की नारी शक्ति की सेवा का ये बहुत बड़ा अवसर है। ये संशोधन सर्वसम्मति से पारित होगा, तो देश की नारी शक्ति और सशक्त होगी, देश का लोकतंत्र और सशक्त होगा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल और परिसीमन बिल पर जवाब देते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम जनगणना के बाद जो परिसीमन होगा, उसमें महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। बाइट.....

*मान्यवर कई सारे सदस्यों ने अनेक प्रकार की आशंकाएं व्यक्त की। उन्होंने यह कहा कि अभी क्यों लाए तो मैं यह बताना चाहता हूं कि जो नारी शक्ति वंदन अधिनियम आया उसमें जिक्र है कि 2026 के बाद होने वाली जनगणना के बाद जो परिसमन होगा उसमें महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करें। अब यह पूछते हैं तो बिल लाते वक्त आपने यह जिक्र क्यों किया? मान्यवर हमने नहीं किया। 71 में इनकी सरकार थी तब इसको फ्रिज कर–कर गई थी और वह फ्रिज के कारण हमें इसका जिक्र करना*

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला आरक्षण विधेयक नहीं है। इन विधेयकों को संसद में लाकर चुनावी मानचित्र बदलने का प्रयास किया जा रहा है। चर्चा

के दौरान समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि आरक्षण से पहले जातीय जनगणना होनी चाहिए। बाइट.....*समाजवादी पार्टी का हमेशा पक्ष रहा है कि महिला आरक्षण के हम पक्ष में है पहली बात, दूसरा हम पार्टी के अनुसार चाहते हैं आरक्षण, तीसरा हम जाति निर्णय चाहते हैं, आप इस सदन में कहिए कि जाति जनना करेंगे और कब तक करेंगे और क्या ओबीसी महिलाओं को आप शामिल करोगे कि नहीं करोगे।*

——————————

एक सौ छठा संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2023, नारी शक्ति वंदन अधिनियम कल से लागू हो गया है। 2023 में संसद ने इस अधिनियम को पारित किया था। यह महत्वपूर्ण कानून लोकसभा और दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की विधानसभा सहित सभी राज्य विधानसभाओं में सभी सीटों में से एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए बारी–बारी से आरक्षित करता है।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम अधिसूचना, अमल में नहीं लाए गए पुराने कानूनों को लागू करने के लिए जारी की गई है। संसद परिसर में मीडिया से बातचीत में श्री रिजिजू ने कहा कि यह जारी प्रक्रिया का हिस्सा है। बाइट.....

*ये एक प्रोसेस है। कानून तो हम लोग एमेंडमेंट के लिए अभी ला रहे हैं। पुराने कानून इम्पलीमेंट नहीं हुआ तो कमिन्समेंट के लिए नोटिफिकेशन निकला है। प्रोसेस है प्रोसेस को कोई विषयना बने।*

————————

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आज वाराणसी में आयोजित नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर आधारित कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में श्री पाठक ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। बाइट.....

*माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी प्रतिबद्धता के साथ संसद में विशेष तंत्र बुलाकर के देश की आधी आबादी को उनका हक देने जा रहे हैं। अब हमारी बेटियां, हमारी बहनें, हमारी माताएं, हमारी महिलाएं देश की सबसे बड़ी पंचायत में और विधानसभाओं में अपना हक, अपना अधिकार, अपना कानून खुद बनाने का काम करेंगी और यह विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए बडा निर्णायक कदम बनेगा।*

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त करने के साथ–साथ समाज में समानता लाने का काम करेगा। बाइट.....

*वह महिलाएं जो देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देती हैं, वह महिलाएं जो ग्रामीण अंचल में, शहरी अंचल में अपने कामकाज से राष्ट्र को सशक्त करती हैं, ऐसी महिलाएं आज आतुरता से उस समय का इंतजार कर रही हैं जब देश की संसद एक स्वर में प्रधानमंत्री मोदी के 33 प्रतिशत आरक्षण को त्वरित रूप से लागू करने के प्रयास का समर्थन करें।*

प्रयागराज में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं की राजनीति में भागीदारी बढ़ेगी।

बाइट.....

*अतिबंधन अधिनियम 2023 पास हो गया। इसकी अधिसूचना भी आज जारी हो गई है। अब 2029 के लोकसभा चुनाव से 37 प्रतिशत महिलाओं के आरक्षण को लेकर के संसद का विशेष सत्र है और यह महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए यही है और माननीय मोदी जी हैं तो महिलाओं का सशक्तिकरण सुनिश्चित है।*

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर दोहरी नागरिकता के मामले में उन पर एफआईआर दर्ज करने और आरोप की जांच कराने का निर्देश दिया है। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की कोर्ट ने प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि वह या तो खुद

इस मामले की जांच करें या किसी केंद्रीय एजेंसी को सौंप दें। यह निर्देश भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की एक याचिका पर आया है, जिसमें उन्होंने लखनऊ की एक विशेष एमपी एमएलए कार्ट के आदेश को चुनौती दी थी।

——————————

गौतमबुद्ध नगर में श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले 24 कारखानों से जुड़े 203 संविदाकारों के लाइसेंस निरस्त करने, धनराशि की वसूली करने और संबंधित एजेंसियो को ब्लैक लिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अपर श्रमायुक्त गौतमबुद्ध नगर राकेश द्विवेदी ने बताया कि, जिन संविदाकारों ने श्रम कानूनों की अनदेखी करते हुए श्रमिकों को उनके लाभों से वंचित रखा, उनके विरुद्ध 1 करोड़ 16 लाख 5 हजार 67 रुपये की पेनल्टी का नोटिस जारी किया गया है, जिससे श्रमिकों को भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं।

——————————

प्रदेश के द्ग्ध विकास और पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज लखनऊ में दो दिवसीय दुग्ध स्वर्ण महोत्सव–2026 का शुभारंभ किया। महोत्सव में डेयरी क्षेत्र में पूंजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विण्डो व्यवस्था के माध्यम

से इच्छुक निवेशकों के साथ लगभग 5 हजार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्तावों पर एमओयू भी किया गया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि आज डेयरी क्षेत्र प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यह क्षेत्र न केवल रोजगार सृजन का प्रमुख साधन है, बल्कि राज्य के सकल मूल्यवर्धन में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

————————

लखनऊ विकास प्राधिकरण की अटल नगर योजना में 18 अप्रैल, 2026 से ऑनलाइन पंजीकरण खोला जाएगा। 630 फ्लैटों के आवंटन के लिए एक माह तक पंजीकरण किया जा सकेगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि पंजीकरण सिर्फ एलडीए की वेबसाइट के माध्यम से ही कराया जा सकेगा।

————————

बैशाख मास की अमावस्या पर आज प्रदेश भर की पावन नदियों में पवित्र स्नान कर पूजा अर्चना का सिलसिला जारी है। प्रयागराज में संगम तट पर स्नान और दान के लिए बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं अमरोहा के तिगरी गंगा धाम, हापुड के गढ़मुक्तेश्वर बृजघाट में भी श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। चित्रकूट में भक्त पवित्र मंदाकिनी नदी में स्नान कर कामदगिरि पर्वत की पंचकोसी परिक्रमा कर रहे हैं।

————————

मौसम विभाग ने प्रदेश के न्यूनतम तापमान में अगले चार से पांच दिनों में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोत्तरी की संभावना जतायी है।

(समाप्त)